एक नजर में

करंट की चपेट में आने से नाबालिग की मौत

भोपाल. कोलार इलाके में एक नाबालिग लड़के की बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. मिली जानकारी के मुताबिक आयुष खंडेल (15) थुआखेड़ा में रहता था. आयुष कक्षा 9वीं का छात्र था. रविवार को आयुष अपने घर में बिजली का कोई काम कर रहा था. इस दौरान वह करंट की चपेट में आ गया. परिजन आयुष को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाया. कोलार पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

अवैध शराब से भरी गाड़ी पकड़ाई, जांच जारी

भोपाल. छोला मंदिर थाना इलाके में अवैध शराब से भरी एक गाड़ी को पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है. अवैध शराब बिना वैध दस्तावेजों के राज्य से बाहर ले जाई जा रही थी. मिली जानकारी के मुताबिक पकड़ी गई अवैध शराब भोपाल से गुजरात भेजी जा रही थी. सूत्र यह भी दावा कर रहे हैं कि इस पूरे नेटवर्क में बड़ी मात्रा में शराब को छोटे वाहनों से ट्रांसपोर्ट कर जांच एजेंसियों की नजर से बचाने की रणनीति अपनाई जा रही है. छोला थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है और जब्त की गई शराब और वाहन के मालिक, चालक के साथ ही शराब के स्रोत को लेकर सूचना जुटा रही है.

स्कूलों को 15 तक फीस की देनी होगी जानकारी

भोपाल. राज्य सरकार ने शुल्क अधिनियम 2020 को लागू किया था, जिससे निजी स्कूल मनमाने तरीके से शुल्क न बढ़ा सकें और अभिभावकों का शोषण न हो. इस अधिनियम के तहत सत्र शुरू होने से पहले स्कूलों को फीस संरचना, किताबों की सूची सहित अन्य जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर देनी होती है,लेकिन निजी स्कूल का इसका पालन नहीं कर रहे हैं. स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा में पाया कि भोपाल में ही करीब 150 निजी स्कूलों ने अब तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय या निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल पर फीस संरचना और पाठ्य-पुस्तकों की सूची जमा नहीं की है.

चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष बने गोयल

193 वोट से उन्नति पैनल की जीत

भोपाल. भोपाल चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव की मतगणना सोमवार को मानस भवन में की गई, जिसमें अध्यक्ष पद पर उन्नति पैनल के गोविंद गोयल की जीत हुई. उन्होंने प्रगतिशील पैनल के तेजकुल सिंह पाली को 193 वोट से हराया.

गोयल को कुल 1085 और तेलकुल पाल सिंह पाली को 892 वोट मिले. हांलाकि अन्य पदों के लिए गिनती देर रात तक जारी रही. सुबह 11 बजे से मतगणना शुरू हुई थी. कुल 40 राउंड हुए। प्रगति पैनल को तीन पदों पर जीत हासिल हुई, जिसमें महामंत्री ललित तांतेड़, सह कोषाध्यक्ष गोपाल सोनी, अतिनिक्त कोषाध्यक्ष पद पर अजय गुप्ता की जीत हुई है. उन्नति पैनल से कोषाध्यक्ष पद पर प्रदीप सेवानी ने जीत दर्ज की.

गौरतलब है कि यह चुनाव रविवार को मानस भवन में संपन्न हुए, जिसमें 2230 मतदाताओं में से 1917 ने वोट डाले गए थे।साथ ही 39 टेंडर वोट और 44 पोस्टल वोट डाले गए थे.

भोपाल को राष्ट्रीय स्तर का लॉजिस्टिक हब बनाएंगे : गोविंद गोयल

उन्नति पैनल के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार गोविंद गोयल ने कहा कि चैंबर और व्यापारिक समुदाय में जातिवाद और वर्गभेद की सोच पनप रही है. इससे हमारी एकता और सामूहिक विकास को खतरा है. मेरा मानना है कि एक-दूसरे के सम्मान और सहयोग से ही व्यापारियों की आवाज मजबूत होगी. गोयल ने कहा कि भोपाल को राष्ट्रीय स्तर का लॉजिस्टिक हब बनाने के साथ-साथ थोक फार्मा और मेडिकल ट्रेड का केंद्र विकसित करने का लक्ष्य है. युवा व्यापारियों के लिए स्टार्टअप और नए सेक्टर में निवेश से जुड़े सेमिनार आयोजित करने की योजना भी है. इसी के साथ चैंबर के अन्य सदस्यों की मदद भी उनकी जरूरत के अनुसार की जाएगी.

देहात एसपी रामशरण प्रजापति पर गंभीर आरोप

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 2 फरवरी. सूखी सेवनियां पुलिस थाने में पदस्थ एसआई केसी यादव ने देहात एसपी रामशरण प्रजापति पर बदसलूकी के आरोप लगाए हैं. यादव ने अपने साथ हुई घटना का शिकायती आवेदन भी उच्च अधिकारियों को दिया है.

शिकायती आवेदन में बताया है कि 14 सितंबर 2025 को एसपी रामशरण प्रजापति ने उनसे आबकारी एक्ट के एक अपराध की डायरी मंगाई थी. यादव का आरोप है कि डायरी को जब उन्होंने प्रजापति से वापस मांगा, तब उनसे बदसलूकी की गई. इस दुर्व्यवहार से आहत होकर यादव के मन में खुदकुशी की भावना उठी. अपना इरादा बदलते हुए यादव ने कार्रवाई को आगे बढ़ा दिया. इस मामले में एसपी कार्यालय की तरफ से सूचना जारी की गई है. जारी सूचना के अनुसार कार्यालय के रिकॉर्ड अनुसार 22 सितंबर 2025 को उप निरीक्षक यादव के विरुद्ध अपराध में त्रुटि के संबंध में प्राथमिक जांच आदेशित की गई थी. मामले में प्राथमिक जांच का राजपत्रित अधिकारी से प्रतिवेदन 23 जनवरी को प्राप्त हुआ, जो विचाराधीन है.

7500 नए पुलिस आरक्षक मिलेंगे

भोपाल. प्रदेश पुलिस विभाग में रिक्त पदों को भरने के लिए पुलिस मुख्यालय ने कमर कस ली है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के अनुरूप, प्रदेश को अप्रैल के अंत तक 7500 नए पुलिस आरक्षक मिल जाएंगे. विभाग की योजना है कि 15 अप्रैल तक अंतिम परिणाम जारी कर दिए जाएं और मई के पहले सप्ताह तक चयनित अभ्यर्थियों को पदभार ग्रहण करा दिया जाए. पुलिस भर्ती के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है, जब पूरी प्रक्रिया मात्र छह माह के भीतर संपन्न की जा रही है. सामान्यत: पुलिस आरक्षकों की भर्ती में एक से डेढ़ वर्ष का समय लग जाता था.

योजना में सब्सिडी देने में गड़बड़ी का आरोप

फैक्ट्स
- आवेदक सिर्फ 25 प्रतिशत सब्सिडी देने के किए आदेश
- तीन साल पहले कोकता में लिया था फ्लैट

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 2 फरवरी, प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास नगर निगम के द्वारा बनाए गए हैं, जिनकी रजिस्ट्री में 6 लाख तक की आय वाले को 100 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है.

इससे अधिक आय वाले को 25 प्रतिशत सब्सिडी नगर निगम देता है. साइकिल रिपेयरिंग का काम करने वाले राजकुमार सोनी ने तीन साल पहले कोकता में एक 2 बीएचके फ्लैट एलआईजी बी 1-503 खरीदा था, उसके बाद उसने फ्लैट की रजिस्ट्री के लिए नगर निगम में आवेदन किया. फ्लैट लेने के बाद से अभी तक रजिस्ट्री में 100 प्रतिशत सब्सिडी की पात्रता के लिए नगर निगम के कई चक्कर लगा चुका हैं. जबकि पीड़ित के पास हूजूर तहसील से बना आय प्रमाण पत्र जिसमें उसकी आय 6 लाख दर्ज है. पात्रता की शर्त पूरी कर रहा है. फिर भी राहत नहीं मिल रही है. नगर निगम के हाउस फॉर ऑल के जो कि प्रधानमंत्री आवास का कार्य करता है,वहां पर पीड़ित को परेशान करने रजिस्ट्री में सब्सिडी के लिए तीन बार में दस्तावेज मांगे. जबकि उसे एक बार में ही बता दिया जाता तो वह बार बार चक्कर लगाने से राहत मिल जाती.

100 प्रतिशत सब्सिडी की पात्रता रखने के बाद भी मुझसे 1.60 रजिस्ट्री के पैसे जमा करवाए जाने के आदेश किए है. नगर निगम के तीन साल से चक्कर लगा रहा हूं. अभी तक रजिस्ट्री नहीं हो सकी है.
- राजकुमार सोनी, पीड़ित,

पीड़ित के राजकुमार सोनी ने नगर निगम में तहसील हूजूर से बना 6 लाख आय प्रमाण पत्र, बैंक स्टेटमेंटऔर इनकम टैक्स रिटर्न भी लगाया जिसमें 6 लाख से अधिक आय नहीं हो रही. फिर कलेक्टर के यहां से 11,90,030 रुपए की आय वाला आदेश जारी कर रजिस्ट्री में 25 प्रतिशत की सब्सिडी का पात्र बना दिया. जबकि उसके सभी दस्तावेजों में वह 100 प्रतिशत की पात्रता रखता है. इस मामले में कलेक्टर से बात करने मोबाइल किया, जो रिसीव नहीं हुआ.

208 दुकानों को हटाने के प्रस्ताव का विरोध

कांग्रेस के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने किया विरोध

विशेष संवाददाता

भोपाल. गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आनंद नगर मार्केट में वर्षों से संचालित 208 दुकानों को हटाने के प्रस्ताव के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना के नेतृत्व में व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा.

प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को बताया कि ये दुकानें मुख्य रूप से मध्यमवर्गीय परिवारों द्वारा संचालित की जा रही हैं और यही उनके परिवारों की आजीविका का प्रमुख साधन हैं. प्रवीण सक्सेना ने प्रशासन से आग्रह किया कि जब तक सरकार प्रभावित व्यापारियों को उपयुक्त वैकल्पिक व्यावसायिक स्थल उपलब्ध नहीं कराती, तब तक किसी भी दुकान को तोड़ा या हटाया न जाए. ज्ञापन सौंपने के दौरान आनंद नगर व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ कांग्रेस के कई नेता उपस्थित रहे.

शुभकामनाएं

भोपाल. नवागत पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने पदभार ग्रहण किया. पूर्व पुलिस आयुक्त भोपाल हरिनारायणाचारी मिश्र ने इस मौके पर नवागत आयुक्त पदभार ग्रहण कराते हुए शुभकामनाएं दी. खास मौके पर पुलिस विभाग के अधिकारियों ने मीडिया से औपचारिक बातचीत भी की.

5 लाख उपभोक्ताओं ने लिया 100% तक सरचार्ज में छूट का लाभ

भोपाल, 02 फरवरी. प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण में 31 जनवरी तक 5 लाख 25 हजार से अधिक बकायादार उपभोक्तओं ने सौ फीसदी तक सरचार्ज में छूट का लाभ उठाया है.

1 फरवरी से द्वितीय चरण की शुरुआत हो चुकी है, जो कि 28 फरवरी तक चलेगा. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने 100%तक छूट का लाभ लिया. कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल नहीं हो पाए वे अब द्वितीय चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90% तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं. मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 5 लाख 26 हजार 412 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 533 करोड़ 14 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 263 करोड़ 84 लाख का सरचार्ज माफ किया गया है.

औसाफ को तीन दिन की रिमांड पर लिया

नाबालिग से दुष्कर्म का मामला

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 2 फरवरी. कोहेफिजा थाना पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोपी युवक औसाफ अली को तीन दिन की रिमांड पर लिया है. आरोपी पर पाक्सो एक्ट का भी प्रकरण पुलिस ने दर्ज किया है.

जानकारी के मुताबिक पीड़ित नाबालिग कक्षा 11वीं की छात्रा है. वह शहर के एक स्कूल में पढ़ाई करती है. आरोपी औसाफ ने पीड़िता की एक सहेली के माध्यम से संपर्क बनाते हुए उससे पहले दोस्ती की. छात्रा को अपने झूठे प्यार में फंसाते हुए आरोपी औसाफ ने कुछ दिन पहले उसे खानूगांव स्थित एक स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म किया. औसाफ ने इस घटना का वीडियो भी बना लिया. इस वीडियो के जरिए वह पीड़िता को ब्लैकमेल कर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर कर रहा था. औसाफ पर पीड़ित छात्रा ने इस कथित वीडियो को डिलीट करने के एवज में एक लाख रुपये भी मांगने का आरोप लगाया गया है. छात्रा ने 40 हजार रुपये औसाफ को दिए थे.

युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

भोपाल. शाहपुरा थाना इलाके में शादी का झांसा देकर एक युवक ने युवती के साथ दुष्कर्म किया. पीड़िता ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है. मिली जानकारी के मुताबिक 26 वर्षीय युवती ने शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी दिनेश पिछले एक साल से युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर रहा है. आरोपी से युवती की दोस्ती पहले हुई थी. दोस्त जल्द ही प्यार में बदल गई. दिनेश ने पीड़िता से शादी का वादा करते हुए साल 2025 फरवरी के महीने में शाहपुरा स्थित अपने मकान में लेकर पहुंचा. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने अपने निवास पर उसके साथ दुष्कर्म किया. इसके बाद वह लगातार करीब एक साल से युवती का शारीरिक शोषण कर रहा है. हाल ही में जब युवती ने आरोपी से शादी करने की बात कही, तो वह अपनी बात से मुकरा गया था.

परीक्षा का परिणाम जारी नहीं होने से अभ्यर्थी परेशान

भोपाल. मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) द्वारा आयोजित प्राथमिक शिक्षक(वर्ग-3) की चयन परीक्षा-2025 और आबकारी आरक्षक भर्ती-2024 के परिणाम घोषित नहीं होने से हजारों अभ्यर्थी परेशान हो रहे हैं. वर्ग-3 की परीक्षा को चार माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद परिणाम जारी न होने से अभ्यर्थियों में निराशा बढ़ रही है. प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 का आयोजन नौ से 13 अक्टूबर 2025 के बीच किया गया था. इस परीक्षा के माध्यम से 13,129 पदों पर भर्ती होनी है, जिसके लिए कुल 1,10,745 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था.

हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हिस्ट्रीशीटर बदमाश पर जानलेवा हमले का मामला

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 2 फरवरी. कोलार पुलिस ने 25 जनवरी को रीवा रहवासी हिस्ट्रीशीटर बदमाश कुलदीप पटेल पर जानलेवा हमला करने वाले दो हमलावरों को गिरफ्तार किया है.

वारदात में शामिल रहे अन्य फरार बदमाशों की तलाश में पुलिस की टीम जुटी है. पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई बदमाशों को एक को भी जब्त किया है. जानकारी के मुताबिक डीसीपी जोन 4 मयूर खंडेलवाल की सख्ती के बाद कोलार पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए दो बदमाशों की गिरफ्तारी की है. बता दें कि 25 जनवरी को स्कार्पियो और बुलेरो गाड़ी में सवार होकर आधा दर्जन से ज्यादा बदमाशों ने जेल से जमानत पर बाहर आए हिस्ट्रीशीटर बदमाश कुलदीप पर जानलेवा हमला किया था. हमलावरों ने कुलदीप पर दिन दहाड़े सड़क पर उसकी कार से बाहर खींच कर निकाला और हथियारों से हमला कर दिया था.

कुलदीप इस हमले से बुरी तरह से घायल हो गया है, उसका इलाज एक निजी अस्पतला में जारी है. कोलार पुलिस मामले की जांच करते हुए जल्द ही पूरे मामले का भी खुलासा करेगी. कुलदीप पर करीब एक दर्जन से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. पुलिस का दावा है कि जल्द ही अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी. गिरफ्त में आए बदमाशों से पुलिस की पूछताछ जारी है.

परेशानी अस्पतालों में मौसमी बुखार के मरीजों की बढ़ी संख्या

मौसमी बुखार से रहें सतर्क, संक्रमित व्यक्ति से बनाए दूरी

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 02 फरवरी. अस्पतालों में मौसमी बुखार के मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है. जेपी जिला अस्पताल, हमीदिया और एम्स जैसे अस्पतालों में भी ओपीडी में बुखार से संक्रमित मरीजों की गिनती में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है.

डॉक्टरों के अनुसार हर बदलते मौसम में वायरल फीवर की समस्या लोगों में बढ़ती है. इस सीजनल बुखार में मरीज के गले में इंफेक्शन, खांसी, लंग्स के ऊपरी हिस्से में संक्रमण के साथ उल्टी जैसे कई लक्षण दिखाई पड़ते हैं. इसके साथ ही शरीर का तापमान कई बार अधिकतम अधिक हो जाता है, तो कुछ व्यक्तियों में यह सामान्यत: 100 डिग्री टेम्प्रेचर के साथ कई दिनों तक बना रहता है, ऐसे में व्यक्ति को हरारत, सांस लेने में परेशानी, गले और शरीर में दर्द की समस्या बनी रहती है.

फाइल फोटो

अस्थमा के मरीज रखें अधिक ध्यान

अस्थमा के मरीजों को ऐसे बुखार में अधिक ध्यान रखने की जरुरत होती है क्योंकि उनमें पहले से सांस की समस्या होती है. आम तौर पर समय से इलाज लेने पर 5 से 7 दिन में बुखार पूरी तरह से ठीक हो जाता है. ऐसे में मरीज को ठंड से बचना चाहिए. पानी का भाप और गरारे करना चाहिए और दवाओं की डोज पूरी लेनी चाहिए. कई बार दो दिन में ही आराम निलने पर मरीज दवा खाना बंद कर देता है ऐसे में संक्रमण पूरी तरह ठीक नहीं होता और बुखार कुछ दिन बाद वापिस आ जाता है.
-डॉ एस एन तिवारी, जेपी जिला अस्पताल-

मौसमी बुखार में मरीज को व्यक्तिगत रूप से हाइजीन का ध्यान रखना चाहिए. दिन में तीन चार बार हाथ को अच्छी तरह धोना चाहिए. खांसी आने मुंह पर कपड़ा रखना चाहिए. जिससे संक्रमण औरों तक न फैले. मेडिकल से दवा लेकर उपचार करने से बचें और डॉक्टर की सलाह पर ही एंटीबायोटिक्स और अन्य दवाओं का सेवन करें. **-डॉ रजनीश जोशी, हेड ऑफ मेडिसिन, एम्स-**

पशुपालन एवं डेयरी विभाग की कार्यशाला

भोपाल. पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा सोमवार को देवी अहिल्या सभागार, राज्य प्रशिक्षण संस्थान भोपाल में हरित चारा उत्पादन एवं चारा आधारित उद्यमिता में अवसर एवं नवाचार को लेकर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी उमाकांत उमराव, संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ. पीएस पटेल, प्रिंसिपल साइंटिस्ट एवं प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, आईजीएफआरआई झांसी डॉ. विजय कुमार यादव, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं पशुधन-कुक्कुट विकास निगम के प्रबंध संचालक, नाबार्ड, एपेक्स बैंक तथा ऊर्जा आदि मौजूद रहे.

कार सवार युवकों ने ई-रिक्शा चालक को पीटा

हबीबगंज थाने में पीड़ित ने की शिकायत

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 2 फरवरी. रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास कार सवार युवकों की गुंडगर्दी का मामला सामने आया है. सोमवार को देर शाम कार सवारों ने और एक ई-रिक्शा चालक की पिटाई सड़क पर कर दी. पीड़ित रिक्शा चालक ने मामले की शिकायत हबीबगंज थाने में की है.

मिली जानकारी के मुताबिक रिक्शा चालक विक्की सड़क पर जब जा रहा था. इस दौरान सामने जा रही कार से उसका रिक्शा टच हो गया. इससे नाराज कार सवार युवकों ने विक्की के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी.

इस दौरान हेलमेट से विक्की के सिर पर वार किया, जिससे वह लहूलूहान हो गया. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच शुरू कर दी है. घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस मामले में कार्रवाई करेगी. पीड़ित को चिकित्सकीय सुविधा मौके पर उपलब्ध कराई गई.